रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-1044/2026/481/22-2-2026-17(251)/2026

लखनऊ: दिनांक: 06 अगस्त, 2026

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कारागार, हमीरपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी ठाकुरदास उर्फ ठाकुरदाऊ (बन्दी सं0-139/2025) पुत्र श्री चन्ना, खेड़ा शिलाजीत, थाना-जरिया, जनपद-हमीरपुर का निवासी है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-142/2014 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 323/34, 504 के अन्तर्गत मा० न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (आ०व०अधि०), हमीरपुर के आदेश दिनाक 07.05.2025 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है, बंदी द्वारा दिनांक 29.09.2025 तक अपरिहार 08 माह, 02 दिन तथा सपरिहार 08 माह, 20 दिन की सजा भोगी गयी है, संतोषजनक जेल आचरण के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, हमीरपुर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक निजी मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कमलेश कुमार

उप सचिव।

संख्या-1044/2026/481(1)/22-2-2026 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।

2- जिला मजिस्ट्रेट, हमीरपुर।

3- पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर।

4- अधीक्षक, जिला कारागार, हमीरपुर।

5- निजी सचिव, मा0 मंत्री/ मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अभय कुमार त्रिपाठी

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in